an>

Title: Need to provide land to open medical college in Bahraich Parliament Constituency.

**साध्वी सावित्री बाई फूले (बहराइच) :** अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच की तरफ आकर्षित करना चाहती हूँ। महोदया, हमारा संसदीय क्षेत्र बहराइच नेपाल की सीमा से सटा हुआ, चार नदियों से घिरा, जंगल प्रभावित तराई क्षेत्र है। जनपद बहराइच मूल रूप से पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में जनपद बहराइच में सन् 2013 में मैडिकल कॉलेज का प्रस्ताव हुआ था। इस मैडिकल कॉलेज के लिए जिला प्रशासन द्वारा 20 एकड़ जमीन उपलब्ध करानी था। जमीन उपलब्ध न कराने के कारण मैडिकल कॉलेज स्थगित कर दिया गया है। महोदया, सरकार की यह योजना सन् 2013 में आई थी, किंतु उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा साफ न होने के कारण योजना जस की तस, धरी की धरी रह गई है। केंद्र सरकार की इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए राज्य सरकार की मंशा साफ होती तो जमीन का रोना न रोना पड़ता। ...(व्यवधान) महोदया, यह समस्या उन लाखों लोगों की है, इन समस्याओं को देखते हुए जनपद में उत्तर प्रदेश की सरकार को आदेश दिया जाए कि वहां पर मैडिकल कॉलेज खोले जाने हेतु जिला प्रशासन से जमीन उपलब्ध करा कर मैडिकल कॉलेज की स्थापना की जाए।

HON. SPEAKER:

Shri Daddan Mishra is permitted to associate with the issue raised by Sadhvi Savitri Bai Phule.